तापमान

अधिकतम 36 .0 डिग्री
न्यूनतम 27 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शनिवार, 9 अगस्त 2025



10 अपनी सांस्कृतिक परम्परा की गरिमा....





10 वृक्षों को राखी बांधकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश




## खबर संक्षेप

### जिला परिवेदना समिति बैठक 13 अगस्त को

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिला परिवेदना समिति की मासिक बैठक का आयोजन प्रशासनिक कारणों से 11 की बजाए 13 अगस्त को सुबह साढ़े 12 बजे होगा। डीआरडीए के सभागार में होने वाली इस बैठक की अध्यक्षता जिला कष्ट निवारण समिति के चेयरमैन एवं प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा करेंगे।

### 1.94 ग्राम हेरोइन सहित आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** चौकी रामथली पुलिस द्वारा रामथली से नशा तस्कर को 1.94 ग्राम हेरोइन सहित किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चौकी रामथली पुलिस के एएसआई नायब सिंह की टीम राजबाहा पटड़ी रामथली पर व्हीकलों की चैकिंग कर रही थी। जहां चक्कु लदाना की तरफ से पैदल आया युवक पुलिस को देखकर एक दम पीछे मुडकर भागने लगा, जिसे पुलिस द्वारा शक की बिनाह पर काबू कर लिया गया।

### पुराना मकान बनाने के विवाद में मारपीट, केस

**जींद।** गांव कुचराना कलां में तीन युवकों ने व्यक्ति पर हमला कर घायल कर दिया। अलेवा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मकान के गेट पर बैठा था। तभी अचानक पंकज, राजपाल व संतोष आए व उसके साथ मारपीट करने लगे। फिर उसके पड़ोसी मौका पर आए व उसे छुड़वाया।

### विदेश भिजवाने के नाम पर 10 लाख ठगे, केस

**कैथल।** सिविल लाइन कैथल पुलिस ने प्रेमपुरा के एक युवक को विदेश भिजवाने के नाम पर 10 लाख की धोखाधड़ी करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। प्रेम पूरा की सुखविंदर कौर ने अपनी शिकायत में बताया कि वह अपने बेटे को विदेश भिजवाना चाहती थी। इसे लेकर उसकी बातचीत कैथल के हीरालाल के साथ हुई।

### पांच दुकानों के एसी के आउटर चोरी

**जींद।** सेक्टर 11 में चोरों ने पांच दुकानों में लगे स्पिलिट एसी के आउटर चोरी कर लिए। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इससे पहले भी इस प्रकार की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। उनमें भी पुलिस खाली हाथ है। गांव बराहखुर्द निवासी प्रवीन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी सेक्टर 11 में दुकान है।

### दो बाइकों के बीच भिड़ंत में एक महिला की मौत

**कैथल।** गांव फरल में दो बाइकों के बीच हुई भिडंत में एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा उसके परिजनों को सौंप दिया। खनोरी के अमन कुमार ने सदर पुलिस कैथल को दी शिकायत में बताया कि 5 अगस्त को जब वह अपनी मां ललिता के साथ बाइक पर सवार होकर गांव पाडला से गुजर रहा था तो एक अज्ञात बाइक चालक ने लापरवाही से चलते पीछे से उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

### गांजा फूल पत्ती सप्लाई का आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** थाना ढांड पुलिस के एसआई जोगिंद्र सिंह की टीम द्वारा गांजा फूल पत्ती सप्लायर आरोपी माधोपुर जिला मुजफ्फरपुर बिहार निवासी संजय को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया।

### कैथलः वजीर नगर में मारपीट में एक घायल

**कैथल।** वजीर नगर में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। संजय कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जब 6 अगस्त को उसके ताऊ का लड़का करमजीत गांव से जा रहा था तो सत्यवान, मुकेश, जंगा, कुलदीप और पूर्ण ने मिलकर लाठी, डंडे और गंडसियों से मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया।

## जींद-कैथल में सरकार के आदेशों की निकली हवा, महिलाओं को मजबूरन लेना पड़ा निजी बसों का सहारा

# रक्षाबंधन पर्वः महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा बनी परेशानी

बसों को छोड़ बस स्टैंड पर तैनात रहे रोडवेज कर्मचारी, निजी बस संचालकों ने रोडवेज के कर्मियों का नहीं किया सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा सरकार द्वारा रक्षाबंधन के पर्व पर महिलाओं को राखी बंधवाने के लिए शुरू गई निःशुल्क बस यात्रा का कैथल के बस स्टैंड पर दिवालिया निकलता नजर आया। बसों का उचित प्रबंध न होने के कारण महिलाओं को मजबूरीवश प्राइवेट बसों का सहारा लेना पडा। हैरत की बात रही कैथल रोडवेज की 110 बसों में से मुश्किल से मात्र 50 बसें ही चल पाई। इस कारण महिलाओं व उनके साथ आए बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पडा। बता दें कि सरकारी आदेशों के तहत शुक्रवार दोपहर से लेकर शनिवार तक महिलाओं को फ्री सफर करने के आदेश जारी किए गए थे। मुफ्त बस यात्रा को लेकर नए बस स्टैंड पर निजी बस संचालकों ने मनमानी देखने को मिली। निजी बस संचालकों की मनमानी के कारण महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। एक तरफ जहां रोडवेज की बसों को जरूरत के हिसाब से रूटों पर चलाया जा रहा था। वहीं, निजी बस संचालकों ने पहले दिन काउंटर पर लगाए बिना ही बसों को रूटों पर भेजा। इस काफी कम संख्या में महिलाएं निजी बस में निःशुल्क सफर कर पाई। महिलाएं करती रही बसों का इंतजार महिलाओं को मुफ्त यात्रा न दिये जाने से बस स्टैंड पर घंटों तक इंतजार करना पड़ा। हालांकि रोडवेज अधिकारियों के अनुसार पहले दिन रोडवेज प्रबंधन ने 202 बसों का संचालन किया और करीब 20 हजार महिलाओं ने निशुल्क यात्रा की। वहीं, बस यात्रा के तहत सभी रोडवेज कर्मियों की छुट्टियां भी रद्द की गई थी। महिलाओं को निशुल्क यात्रा की सुविधा देने के लिए बस स्टैंड पर ही करीब 50 कर्मियों की ड्यूटियां लगाई गई थी। महिला रामरती ने बताया कि कैथल डिपो की ओर पर्व को लेकर कोई विशेष योजना नहीं बनाई गई थी। सबसे अधिक मनमानी निजी बस संचालकों की देखने को मिली। अधिकारियों के आग्रह के बावजूद निजी बस संचालकों ने समय के अनुसार बसों का संचालन नहीं किया। भी खिड़कियों में खड़े होकर सफर करने को मजबूरः महिला सरोज देवी ने कहा कि भीड़ अनुसार ही रुटों पर बसों को चलाए जाने की बात परिवहन की ओर से कही गई थी, लेकिन जींद, चीका, अंसध, पूंडरी, कुरुक्षेत्र व अन्य स्थानीय रूटों की बसों का घंटों इंतजार करने के बाद भी खिड़कियों में खड़े होकर सफर करने को मजबूर होना पड़ा। सुदर्शन रानी ने बताया कि हिसार-सिरसा रूट पर सबसे अधिक फोकस किया गया था। स्थानीय रूटों पर कम बसें देखने को मिली। वहीं, कई निजी बसों ने महिलाओं की टिकट बनाई।

### महिलाएं करती रही बसों का इंतजार



**कैथल।** बस स्टैंड पर बस में चढ़ने के लिए धक्का मुक्की करती महिलाएं। *फोटो :हरिभूमि*



**कैथल।** बस स्टैंड पर बस का इंतजार करती महिलाएं। *फोटो :हरिभूमि*



**कैथल।** बस स्टैंड पर खडी प्राइवेट बस। *फोटो :हरिभूमि*

### शिकायत पर होगी सख्त कार्रवाईः विरेंद्र पाल

कैथल डिपो के यातायात प्रभारी विरेंद्र पाल स्वामी ने बताया कि शुरूआत में तो कुछ बसें रूट पर नहीं थी, लेकिन बाद में बस स्टैंड पर कर्मियों की ड्यूटी लगा दी गई थी। इसके बाद सभी निजी बस संचालकों ने अपनी बसों का संचालन किया था। यदि किसी भी प्रकार की कोई शिकायत मिलती है तो उचित कार्रवाई की जाएगी।

### निजी बस संचालकों ने नही किया सहयोग

रोडवेज जागृति मंच के डिपो प्रधान संदीप ने बताया कि निजी बस संचालकों ने रोडवेज के कर्मियों का सहयोग नहीं किया। जबकि रोडवेज कर्मी पहले से ही सरकार के आदेशों की पालना में जुट गए थे।

## जींदः दोपहर 12 बजे से लेकर साढ़े तीन बजे तक प्राइवेट बसों के 31 टाइम मिस



**जींद।** बस अड्डे पर बसों को लेकर परेशान बहनें। *फोटो :हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

रक्षाबंधन पर्व पर महिलाओं और उनके साथ 15 साल तक के बच्चों को निशुल्क यात्रा की सुविधा देने से प्राइवेट बस संचालक शुक्रवार को बचते नजर आए। दोपहर 12 बजे जैसे ही महिलाओं व उनके बच्चों के लिए बसों में निशुल्क यात्रा का समय शुरू हुआ तो नरवाना के लिए प्राइवेट बस यात्रियों को लेकर रवाना हुई। इसके बाद जैसे जैसे टाइम निकलता रहा तो प्राइवेट बस चालकों ने बसों के टाइम मिस करना शुरू कर दिया। इसके चलते महिलाओं और बच्चों को बस के इंतजार में आधा से पौना घंटा तक इंतजार करना पड़ाए जबकि आमतौर पर 10 से 12 मिनट पर बूथ से बस चलती है।

दोपहर 12 बजे से लेकर साढ़े तीन बजे तक हांसी, गोहाना, पुंडरी, असंध, पानीपत, नरवाना रूट पर प्राइवेट बसों के 31 टाइम मिस रहे। हालांकि साढ़े तीन घंटे के दौरान जींद से बरवाला रूट पर प्राइवेट बस चालकों के कोई टाइम मिस नही रहा। महिलाओं का कहना था कि रक्षाबंधन पर एक ओर तो सरकार की ओर से महिलाओं व उनके साथ 15 साल तक बच्चों के लिए आठ अगस्त दोपहर 12 बजे से लेकर नौ अगस्त रात 12 बजे तक रोडवेज व प्राइवेट बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा दी है लेकिन प्राइवेट बस चालकों की मनमानी के चलते महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रह है। जैसे ही दोपहर के 12 बजे तो रोडवेज कर्मचारी अनाउंसमेंट कर अवगत करवाते रहे कि महिलाओं और उनके बच्चों के लिए रोडवेज और प्राइवेट बसों में दो दिन मुफ्त यात्रा की सुविधा है।

12 बजे नरवाना रूट पर पहली प्राइवेट बस चलने के बाद प्राइवेट बस चालाकों ने मनमानी शुरू कर दी और बस को लेकर बस स्टैंड परिसर में नहीं पहुंचे। फिर रोडवेज कर्मचारियों ने अनाउंसमेंट कर प्राइवेट बस चालकों को कहा कि वह सरकार की गाइडलाइन अनुसार बसों में महिलाओं को निशुल्क यात्रा करवाएं और निर्धारित समय अनुसार बसों को बूथ पर लगएए नहीं तो आरटीए कार्यालय को बसों की टाइम मिस की रिपोर्ट भेजी जाएगी।

### टीम कर रही बसों की मॉनिटरिंग : जीएम

जींद डिपो के महाप्रबंधक राहुल जैन ने बताया कि आरटीए कार्यालय की टीम खुद प्राइवेट बसों की मॉनिटरिंग कर रही है। इसके अलावा रोडवेज कर्मचारियों द्वारा प्राइवेट बसों के टाइम मिस की जो रिपोर्ट तैयारी की गई है, उसे आरटीए कार्यालय के पास भेजा जाएगा। रोडवेज बसों में यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जा रही है। प्राइवेट बस संचालकों से भी सहयोग की उम्मीद है।

### आज भी निःशुल्क रहेगी सुविधा

सरकार की ओर से महिलाओं और उनके 15 साल तक के बच्चों के लिए शनिवार को भी पूरे दिन मुफ्त यात्रा की सुविधा रहेगी। महिलाएं शनिवार को रात 12 बजे तक निशुल्क सफर कर सकती हैं। शुक्रवार की तरह शनिवार को भी प्राइवेट बस संचालक मनमानी कर सकते हैं। हालांकि वीरवार को दोपहर बाद तक प्राइवेट बसों में निशुल्क यात्रा को लेकर संशय था लेकिन शाम को स्टेज कैरिज बस ऑपरेटर वेलफेयर एसो के पदाधिकारियों का कहना था कि चंडीगढ़ में परिवहन विभाग के उच्चाधिकारियों और एसोसिएशन की बैठक हुई। इसके बाद निजी बस संचालकों ने जनहित को देखते महिलाओं व उनके बच्चों के लिए निशुल्क यात्रा का निर्णय लिया था लेकिन प्राइवेट बस संचालकों ने शुक्रवार को बसों के फेरे कम कर दिए।

### सुरक्षा की दृष्टि से पुलिसकर्मी रहे मुस्तैद

दोपहर 12 बजे के बाद धीरे.धीरे बस स्टैंड परिसर में यात्रियों की संख्या बढ़ती रही। महिलाओं, बच्चों व अन्य यात्रियों की भीड़ को देखते हुए पुलिसकर्मी भी सुरक्षा की दृष्टि से मुस्तैद हो गए। पुलिसकर्मी लगातार बस स्टैंड परिसर में घूमते रहे। जिससे चोरी की घटना नहीं हो। पुलिसकर्मी यात्रियों को बस स्टैंड में बस में सीट दिलवाने को लेकर मदद करते हुए नजर आए। रोडवेज कर्मचारियों भी अनाउंसमेंट करते रहे कि भीड़ में चोरों से सावधान रहे और अपने सामान का ध्यान रखें।

# आज पूरा दिन राखी बांध सकेंगी बहनें

- रक्षा बंधन पर्व पर आयुष्मान, स्वार्थ सिद्धी , सिद्धि और सौभाग्य योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भाई व बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन त्योहार आज श्रद्धा से मनाया जाएगा। यह भाई-बहन के स्नेह, सुरक्षा और विश्वास का भी पर्व है। इस दिन बहनें भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांध कर भाइयों की दीर्घायू और सुख स्मृद्धि की कामना करते हैं। इस बार बहनों को किसी खास समय में राखी बांधने की अवश्यकता नही है। क्योंकि रक्षा बंधन पर्व पर भद्रा का साया नही रहेगा। जिससे पूरे दिन निर्विघ्न रूप से बहनें कभी भी अपने भाइयों को राखी बांध सकेंगे। राखी बांधने का शुभ समय सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक रहेगा। एक बजकर 52 मिनट से लेकर शाम चार बजकर 33 तक राखी बांधने का शुभ समय है। वहीं रक्षा बंधन पर्व पर आयुष्मान योग, स्वार्थ सिद्धी योग, सिद्धि योग, सौभाग्य योग का संयोग भी बन रहा है। रक्षाबंधन श्रावण शुक्ल पूर्णिमा को मनाया जाता है और जब पूर्णिमा तीन मुहूर्त या उससे अधिक व्यापिनी हो तथा भद्रा न हो, तब यह पर्व प्रदोष काल से पहले मनाना उत्तम होता है। बाजार में 10 रुपये से लेकर 500 रुपये तक की राखियां उपलब्ध हैं। बहनों की पसंद में इस बार भी वैरायटी का बोलबाला है। सबसे अधिक डिमांड में डायमंड, रुद्राक्षए ओम और त्रिशूल डिजाइन वाली राखियां हैं।

### रक्षा बंधन पर्व भद्रा के साये से मुक्त : नवीन

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि रक्षाबंधन का त्योहार नौ अगस्त को मनाया जाएगा। इस बार यह दिन खास इसलिए है कि तीन साल बाद ऐसा संयोग बना है जब पूरे दिन राखी बांधने का शुभ समय रहेगा। इस दिन भद्रा का प्रभाव नही रहेगा। पिछले तीन वर्षों में भद्रा दोष के कारण बहनों को कभी दोपहर तो कभी रात तक इंतजार करना पड़ता था लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। नौ अगस्त शनिवार को पूर्णिमा तिथि के साथ पूरा दिन शुभ रहेगा।

### कार सवारों ने सब इंस्पेक्टर को लिफ्ट देकर छीनी नकदी

**जींद।** कार सवारों ने पुलिस सब इंस्पेक्टर को लिफ्ट देकर उससे 4700 रुपये छीन लिए। इसके बाद उसे नए बस स्टैंड के पास उतार कर फरार हो गए। सदर थाना पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने चार युवकों को नामजद कर उनके खिलाफ मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। हालांकि यह मामला दो दिन पुराना है। पुलिस ने इस मामले में शामलो खुर्द निवासी हैप्पी, राहुल, सूरज और शामलो कलां निवासी अंकित को गिरफ्तार कर एक दिन के रिमांड पर लिया है। गांव ढिगाना हाल आबाद जुलाना निवासी अनूप सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रोहतक में थाना शिवाजी कॉलोनी में सब इंस्पेक्टर के पद पर तैनात है। सात अगस्त को एनडीपीएस एक्ट के मामले में उसे हाई कोर्ट जाना था। इसलिए वह हाईकोर्ट जाने के लिए सुबह चार बजे घर से निकला। वह जुलाना बाईपास पर ठेका के सामने खड़ा हो गया। तभी रोहतक की तरफ से एक स्कॉर्पियो आकर उसके पास रूकी थी।

# तहसीलदार को सौंपा मांगपत्र

- किसानों को खाद की कमी के कारण उठाना पड़ रहा नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा किसान मजदूर संघर्ष मार्चा ने किसानों और मजदूरों की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर ने तहसीलदार शालिनी लाठर को ज्ञापन सौंपा। राजेश मोर, महासिंह मौण, उदयवीर, ईश्वर खर्ब और चेयरमैन सतीश ने कहा कि हरियाणा में किसानों को खाद की कमी के कारण बहुत नुकसान उठाना पड़ रहा है। खाद की कमी की दूर किया जाए और खाद वितरण प्रणाली में सुधार किया जाए। उन्होंने कहा कि हरियाणा में धान की खरीद 15 सितंबर से शुरू किया जाए। क्योंकि धान की रोपाई 15 जून से शुरू हो जाती है। 90 दिन में फसल पक कर तैयार हो जाती है और पिछले वर्ष की तरह 2000 प्रति एकड़ धान की फसल पर प्रोत्साहन राशि दी जाए। बासमती धान की एमएसपी खरीद को सुनिश्चित किया जाए। जलभराव से होने वाले नुकसान को रोकने के लिए प्रदेश में नदी नालों की सफाई नदियों पर बांध और जहां नदी नाला दूर हैए वहां पर ड्रेन और पाइप लाइन की व्यवस्था की जाए। मंडी में किसानों के साथ अनाज की तुलाई में हेराफेरी रोकने के लिए कंप्यूटर कांटा का प्रयोग किया जाए।



**जींद।** तहसीलदार शालिनी लाठर को ज्ञापन सौंपते किसान व मजदूर नेता।

## विधायक ने 60 लाख की परियोजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास

# बिना किसी भेदभाव के हो रहे विकास कार्यः जांबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

विधायक सतपाल जांबा ने वीरवार को पूंडरी हलके के विभिन्न गांवों में लगभग 60 लाख रुपये की लागत से करवाए जाने वाले विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इन कार्यों में गांव कौल, फरल और पांच गांवों की सीमा पर स्थित रामगिरी साधु वाली चौपाल का निर्माण शामिल हैविधायक जांबा ने कौल गांव में पाबला मोड़ से लेकर डॉ. कर्ण सिंह के घर तक बनने वाली गली का उद्घाटन किया, जो कि 32 लाख की लागत से तैयार की है। इसके अतिरिक्त, 15 लाख की मंजूरी के साथ गांव फरल में पाल चौपाल के निर्माण कार्य का शिलान्यास तथा 12 लाख रुपये की लागत से पांच गांवों की सीमा पर रामगिरी साधु चौपाल की नींव रखी गई। गांव कौल में विधायक सतपाल जांबा का भव्य स्वागत किया गया। सरपंच कुसुम लता ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया, जबकि कार्यकर्ताओं ने फूल मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया। गली निर्माण का शुभारंभ भी सरपंच कुसुम लता के हाथों करवाया गया। विधायक जांबा ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य बिना किसी भेदभाव के कराए जा रहे हैं और पूंडरी विधानसभा क्षेत्र में विकास का पहिया निरंतर गतिशील है। आश्वासन दिया कि वर्षा के चलते जिन सड़कों व गलियों को नुकसान पहुंचा है, उनकी मरम्मत प्राथमिकता के आधार पर करवाई जाएगी।



कौल की गली का शुभारंभ करते विधायक सतपाल जांबा, साथ में सरपंच कुसुम लता।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में चेयरमैन राजेश बरसाना, सरपंच लाभ जांबा, सरपंच प्रतिनिधि नरेश आढ़ती, रामपाल आढ़ती, सरपंच कश्मीर सिंह पबनावा, पूर्व चेयरमैन विजयपाल कौल, डॉ. बलविंदर सिंह संगरौली, पूर्व सरपंच शेर सिंह, ईश्वर बटी, सतपाल, रिंकू, चमेल सिंह, कृष्ण कुमार, मास्टर हरिकेश, कर्ण सिंह, निशिव सिंह, भाग सिंह, सतेंद्र बिट्टू सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।




**जींद।** सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते माकपा सदस्य। *फोटो :हरिभूमि*

### माकपा का केंद्र सरकार के खिलाफ धरना, नारेबाजी की

**जींद।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादीजिला कमेटी जींद के नेतृत्व में केंद्र सरकार की तानाशाही व जनविरोधी नीतियों को रद्द करने की मांग को लेकर लघु सचिवालय पर धरना दिया और नायब तहसीलदार के माध्यम से देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम ज्ञापन सौंपा। धरने की अध्यक्षता माकपा जिला सचिव कपूर सिंह व संचालन पार्टी सचिव मंडल सदस्य नरेश दनौदा ने किया। धरने को संबोधित करते हुए पार्टी के राज्य सचिव मंडल सदस्य रमेश चंद्र व मास्टर बलबीर सिंह ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची को लेकर विशेष गहन पुनर्निरक्षण (एसआईआर) किया जा रहा है। ऐसा करने से पहले राजनीतिक पार्टियों से कोई विचार-विमर्श नहीं किया गया और ना ही बताया गया। गहन पुनर्निरक्षण के बहाने एनआरसी को लागू करने की दिशा में बढ़ा जा रहा है, जो चुनाव आयोग के कार्यक्षेत्र में नहीं है। दूसरा जो अनाप-श्नाप शर्तें रखी गई हैं।

## खबर संक्षेप

### हृदय गति रूकने से मुख्य सिपाही की मौत

जींद। हृदय गति रूकने से पुलिस के मुख्य सिपाही की मौत हो गई। पुलिस ने नागरिक अस्पताल में मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया है। मृतक मिर्चपुर निवासी 39 वर्षीय प्रमोद पुलिस के क्वाटरों में रहता था। मुख्य सिपाही प्रमोद को वीरवार रात को दिल का दौरा पड़ गया। परिवार के साथ क्वार्टर पर ही था। उसे परिजन तुरंत नागरिक अस्पताल लेकर आए लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक बेटे और बेटी का पिता था।

### हर घर तिरंगा अभियान के तहत यात्रा का आयोजन

जींद। राजकीय महिला कालेज में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य जयनारायण गहलोत द्वारा हरी झंडी दिखा कर की गई। यह तिरंगा यात्रा कालेज प्रांगण से शुरू होकर जींद पुलिस लाइन तक करवाई गई। यात्रा का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में व आम जनता को देश सेवा व देश प्रेम के प्रति जागृत करना था।

### पुलिस पेंशनरों ने मांगों पर किया मंथन

जींद। हरियाणा पुलिस कर्मचारी एसोसिएशन के पेंशनरों ने पुलिस लाइन में मासिक मीटिंग की गई। इसकी अध्यक्षता प्रेम सिंह बांगड ने की और संचालन मियां सिंह ने किया। बैठक में पैंशनरों की मांगों पर मंथन किया गया। इस मौके पर धर्मबीर राठी, रणधीर सिंह, राजेन्द्र सिंह, सतबीर सिंह बांगड सहित अन्य पैंशनर्ज मौजूद रहे।

### रूद्राभिषेक की पूर्णाहुति 11 अगस्त को

जींद। जगतगुरु त्रिपुरा पीठाधीश्वर चक्रवर्ती यज्ञ सम्राट श्रीश्री 1008 हरिओम महाराज के सान्निध्य में मणिकूट पर्वत ऋ षिकेश पर श्रावण मास में द्वादश ज्योतिर्लिंग के अभिषेक व एक माह से निरंतर जारी महायज्ञ की पूर्णाहूति 11 अगस्त को होगी। पूर्णाहूति कार्यक्रम में जींद सहित हरियाणाभर से काफी संख्या में सामाजिक, धार्मिक व राजनीतिक गणमान्य भाग लेंगे।

### मोहित बेलरखा आईएसओ के प्रदेश उपाध्यक्ष बने

नरवाना। इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी की छात्र विंग की प्रदेश और जिला स्तरीय कार्यकारिणी घोषित की गई। आईएसओ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और रानिया से विधायक अर्जुन सिंह चौटाला के दिशा.निर्देश अनुसार आईएसओ के प्रदेश अध्यक्ष साहिलदीप कसवा ने संगठन का विस्तार करते हुए मोहित बेलरखा को आईएसओ का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया। अंकित चोपड़ा को जिला जींद का प्रभारी एवं सौरभ को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया।

### पौधारोपण कार्यक्रम का किया आयोजन

नरवाना। पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बडनपुर में किया गया विशाल पौधा रोपण कार्यक्रम। प्रिंसिपल संजय चौधरी ने बताया कि शुक्रवार को पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बडनपुर में विद्यार्थियों ने किया। पौधारोपण किया। विद्यालय में कुल 150 पौधे लगाए गए। एक.एक विद्यार्थी ने एक.एक पौधा एक पौधा मां के नाम से लगाए।

### राखी मेकिंग प्रतियोगिता में निशा ने मारी बाजी

अलेवा। राजकीय महाविद्यालय अलेवा में महत्वपूर्ण दिवस आयोजक समिति व राष्ट्रीय सेवा योजना समिति द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत राखी मेंकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्राचार्या वीना बहल ने की। प्रतियोगिता में निशा ने प्रथम, तमन्ना ने द्वितीय तथा मनू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सफल संचालन में डा. सोनिया व डा. मनोज का विशेष सहयोग रहा।

### अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

जींद। राजकीय महाविद्यालय में भारत सरकार की हर घर तिरंगा पहल के प्रथम चरण के तहत तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य नागरिकों में देशभक्ति की भावना जागृत करना तथा राष्ट्रीय ध्वज के महत्व की गहरी समझ विकसित करना है।

## इंडस स्कूल में रक्षाबंधन पर्व पर मीठी डोर कार्यक्रम का आयोजन

# अपनी सांस्कृतिक परम्परा की गरिमा को बनाए रखना सबका नैतिक कर्तव्य

### प्रतिभागी बच्चों ने अपने नृत्य के माध्यम से अपनी प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस पब्लिक स्कूल प्रांगण में रक्षाबंधन के उपलक्ष में कक्षा तीसरी से आठवीं तक भाई और बहनों द्वारा मीठी डोर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लेक्चरर डाइट ईक्कस दिव्या ने शिरकत की। इस कार्यक्रम में इंडस स्कूल निदेशिका रचना श्योराण, स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा, उपप्राचार्य प्रवीन कुमार और मुख्याध्यापिका गुरमीत कौर ने मुख्यअतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यअतिथि दिव्या ने दीप प्रज्जवलित करके किया। इस कार्यक्रम में कक्षा तीसरी से आठवीं तक के बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम में स्वागत नृत्य, रैम्प वॉक, देशभक्ति नृत्य, रक्षाबंधन नृत्य और जन्माष्टमी नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतिभागी बच्चों ने अपने नृत्य के माध्यम से अपनी प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस अवसर पर बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और मंगलकामना की। विद्यालय में



जींद। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते बच्चे। फोटो :हरिभूमि



जींद। पुलिस जवानों को राखी बांधते हुए।

भाईचारे का वातावरण रहा। भाइयों ने बहनों को उपहार प्रदान कर उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि दिव्या ने रक्षाबंधन के त्योहार पर प्रकाश डालते विद्यार्थियों को इस पर्व की पौराणिकता, पवित्रता और महत्ता के बारे में बताया। स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा ने सभी बच्चों, अध्यापकों को रक्षाबंधन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते कहा कि हम दिन प्रतिदिन अपने कामों में व्यस्त होने के कारण त्योहारों के महत्व को भूलते जा रहे हैं। इसलिए हम सबका कर्तव्य है कि हम अपनी सांस्कृतिक परम्परा की गरिमा को बनाए रखें। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन बहन-भाई का पवित्र त्योहार है। इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा का सूत्र बांध कर उनकी लंबी आयु की कामना करती हैं और भाई भी अपनी बहनों को उपहार देकर उनकी रक्षा करने का संकल्प लेते हैं। इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि आज के इस आधुनिक युग में शिक्षा, खेल या सांस्कृतिक कार्यक्रम हों, इंडस पब्लिक स्कूल जींद बुलंदियों को छूता हुआ लगातार आगे बढ़ रहा है। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### छात्राओं ने जवानों को राखी बांधकर किया सम्मानित

जींद। इंडस ग्लोबल अकादमी किनाना में रक्षाबंधन पर्व को पारंपरिक उल्लास और सामाजिक सौहार्द के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित विशेष कार्यक्रम में छात्राओं ने न केवल भाई व बहन के पवित्र बंधन को निभाया बल्कि एक प्रेरणादायक सामाजिक संदेश भी दिया। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि विद्यालय की छात्राओं ने स्थानीय पुलिस स्टेशन जाकर पुलिस अधिकारियों व जवानों को आपने हाथों से बनाई राखी बांधी और उन्हें अपने हाथों से बनाए गए ग्रीटिंग कार्ड भेंट किए। यह दृश्य अत्यंत भावनात्मक था। जब छात्राओं ने देश और समाज की सुरक्षा में तैनात जवानों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें रक्षा, संवेदना के प्रतीक के रूप में राखी बांधी। पुलिस कर्मियों ने भी इस पहल को सराहते छात्रों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में राखी मेकिंग, कार्ड मेकिंग एवं हाऊस बोर्ड डेकोरेशन प्रतियोगिता के माध्यम से रक्षाबंधन के महत्व को दर्शाया गया। छात्राओं ने भाई व बहन के रिश्ते की गहराई, त्याग और प्रेम का संदेश दिया। राखी बांधने की परंपरा के साथ-साथ राखी मेकिंग गतिविधि का आयोजन भी किया गया।

## भारतीय सनातन संस्कृति का प्रचार कर रहे भार्गव

- बाबा भोलेनाथ और महापुरुषों के हस्तलिखित फोटो किए वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सेक्टर आठ निवासी सुप्रीम वमावि की बारहवीं कक्षा के छात्र भार्गव अपनी सुंदर लेखन कला द्वारा गौरवशाली भारतीय सनातन संस्कृति का प्रचार प्रसार के लिए सराहनीय कर रहे हैं। वे अपने माता-पिता एवं गुरुजनों प्रेरणा से पिछले कई वर्षों से गौरवशाली भारतीय सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने और घर घर पहुंचाने के लिए छोटा सा प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए वे हस्तलिखित चारों वेद का संक्षिप्त परिचय तथा मानव जीवन में वेदों की उपयोगिता और महत्व की जानकारी, वैदिक मंत्र जैसे गायत्री मंत्र, गुरु मंत्र, कल्याण मंत्र अर्थ सहित, श्रीमद भगवद गीता के श्लोक अर्थ सहित, देवी देवताओं की आरती एवं मंत्र, जिनमें विद्या की देवी मां सरस्वती वंदना, मां दुर्गा, विष्णु आदि के साथ-साथ ऋषि मुनियों, साधु संतों और महापुरुषों के फोटों प्रतियां हस्तलिखित



संक्षिप्त परिचय सहित जिन्होंने हमारे देश और देश की महान सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए और समाज की भलाई के लिए कार्य किया और अपने जीवन का बलिदान दिया है। इससे समाज के लोगों को भी प्रेरणा मिलती है ताकि हमारे देश भारत की महान सनातन संस्कृति का प्रचार प्रसार हो। भार्गव का मानना है कि हमारे महापुरुषों के चित्रों के साथ, दस से पंद्रह पंक्तियों में उनका परिचय, उपलब्धि और उनके द्वारा देश समाज के लिए किए गए कार्यों की जानकारी होनी चाहिए। छात्र भार्गव को उसकी सुंदर लिखाई के लिए जिला प्रशासन एवं प्रांत स्तर पर महामहिम राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया है।



जींद। बैठक में उपस्थित महावीर गुप्ता, राजकुमार गोयल व अन्य।

### सम्मेलन की तैयारियों को लेकर मंथन

जींद। सात सितंबर को जींद में आयोजित होने वाले अग्रवाल युवक, युवती परिचय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर शहर में बैठकों का दौर जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को गांधीनगर स्थित अग्रसेन स्कूल में बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता अग्रसेन स्कूल के प्रधान महावीर गुप्ता ने की। कार्यक्रम में अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश प्रधान राजकुमार गोयल, अग्रोहा धाम जींद के प्रधान अशोक गोयल, बाल धर्मार्थ अस्पताल के प्रधान ईश्वर गोयल, सतपाल जैन, अनिल बंसल, सावर गर्ग, रामधन जैन, पवन बंसल, सोनू जैन, मनीष गर्ग, अमर बंसल इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। महावीर गुप्ता ने कहा कि सात सितंबर को जींद में आयोजित होने वाला यह परिचय सम्मेलन न केवल रिश्तों के मेल का अवसर बनेगा बल्कि हमारे समाज की अतिथि सत्कार की परम्परा का जीवंत उदाहरण भी बनेगा। कहा कि अग्रसेन स्कूल में आयोजित परिचय सम्मेलन में पूरे देश से आए मेहमानों की मेहमान नवाजी में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

### सरकार बरसाती पानी के मोगे की दे मंजूरी : बीरेंद्र

उचाना। करसिंधु, गुरुकुल खेड़ा, घोघड़िया, काकड़ोद एवं मखंड गांव के किसान पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह से मिले। किसानों ने कहा कि वन एलए बरसोला माइनर एवं अन्य माइनरों में बरसाती मोगे लगाए जाए। बरसाती मोगे की सालाना मंजूरी सरकार द्वारा दी जाती थी लेकिन इस बार सरकार कोई संज्ञान नहीं ले रही। किसी भी माइनर में बरसाती मोगे नहीं लगाए जा रहे है। जिससे किसानों की फसल को भारी क्षति हो रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार को चाहिए कि वो किसानों की सुध ले। बरसाती मोगे की हर साल मंजूरी सरकार देती थी लेकिन इस बार नहीं दे रही है। आज सभी डैम बारिश के पानी से भरे हुए है। सरकार को चाहिए कि बरसाती मोगे की मंजूरी किसानों को देने के साथ-साथ जिन रजबाहा में रूटेशन के हिसाब से पानी दिया जाता था वो रजबाहे भी बंद पड़े हैं, उनमें भी पानी छोड़ा जाए ताकि किसानों की फसल को बारिश कम होने से सूख रही है उनकी सिंचाई हो सकें। राजौंद, अलेवा, असंध, जींद, नारनौद, नरवाना, कलायात, उकलाना, बरवाला, खेड़ी चौपटा सहित बांगर का कुछ क्षेत्र शामिल है।

### हिंदी निबंध प्रतियोगिता में खुशबू प्रथम

अलेवा। एसएम पब्लिक स्कूल भौसला में रक्षाबंधन के पर्व पर हिंदी निबंध व राखी प्रतियोगिता का आयोजन किया। अध्यक्षता प्रधानाचार्या इति गर्ग ने की तथा मुख्य रूप से स्कूल संचालक कुलदीप सिंह ने भाग लिया। हिंदी निबंध प्रतियोगिता के कक्षा सातवीं से 9वीं में प्रथम स्थान खुशबू, द्वितीय स्थान कृतिका व तृतीय स्थान सिमर ने प्राप्त किया। ग्रुप बी कक्षा 10वीं से 12वीं में प्रथम स्थान प्रीति, द्वितीय स्थान अंजलि तथा तृतीय स्थान अन्नू ने प्राप्त किया। राखी प्रतियोगिता कक्षा चौथी से छठी में माही, लक्ष्य व देव ने प्रथम स्थान तथा दिशा, पारुल व वंश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मन्नत, प्राची व विहान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया । स्कूल छात्र और छात्राओं ने एक दूसरे को राखी बांधकर भाई बहन के प्यार को दर्शाया । स्कूल प्रधानाचार्या इति गर्ग ने बच्चों को इनाम वितरित करके हौसला बढ़ाया। स्कूल संचालक कुलदीप सिंह ने स्कूल में इस तरह की गतिविधियों के लिए पूरे स्कूल स्टाफ की सराहना की। स्कूल चेयरमैन सत्यवीर सिंह सैनी ने कहा इस तरह की गतिविधियां बच्चों के अंदर संस्कार पैदा करती है।



एसएम पब्लिक स्कूल भौसला में प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं व छात्र।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते छात्राएं व अध्यापक। फोटो :हरिभूमि

### राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन

जींद। डीएन मॉडल स्कूल में प्रेम, स्नेह एवं पवित्रता के प्रतीक रक्षा बंधन पर्व के उपलक्ष में राखी बनाओ प्रतियोगिता एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सैटर्न सदन की प्रभारी सीमा की देखरेख में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्राचार्या राज रेढू ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके की। यह आयोजन दो चरणों में संपन्न हुआ। प्रथम चरण में कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के बच्चों ने भाग लेते हुए राखी के चित्रों पर रंग भरते हुए अपनी कला को दर्शाया। द्वितीय चरण में कक्षा तीसरी से बारहवीं तक के बच्चों ने भाग लिया तथा तिरंगा, फूल, घड़ी, लक्ष्मी, गणेश, शुभ लाभ, की सुंदर राखियां बनाई। साथ ही विद्यालय में संस्कृत दिवस भी मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने संस्कृत भाषा के इतिहास के बारे में बताते हुए सुंदर गीत और एक लघु नाटिका भी प्रस्तुत किया। बच्चों ने संस्कृत के श्लोकों का उच्चारण किया। विद्यालय की प्राचार्या राज रेढू ने बताया कि समाज को संस्कृत का महत्व और आवश्यकता याद दिलाने के लिए संस्कृत दिवस मनाया जाता है।

### सुप्रीम स्कूल में मनाया रक्षा बंधन पर्व

जींद। सुप्रीम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रक्षाबंधन के त्यौहार के उपलक्ष में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल में राखी मेकिंग, मेहंदी प्रतियोगिता, कार्ड मेकिंग और थाली डेकोरेशन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। स्कूल प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष बलवान कौशिक ने रक्षाबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह त्यौहार भाई व बहन के प्रेम और सम्मान का प्रतीक है। रक्षाबंधन एक ऐसा त्यौहार है जो पूरे भारत में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है और इसमें भाई व बहन के रिश्तों की मिठास झलकती है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने राखी बनाने और सजाने में अपनी कला का प्रदर्शन किया। मेहंदी प्रतियोगिता में भी बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। स्कूल के शिक्षकों ने बच्चों को रक्षाबंधन के महत्व और इसके पीछे की कहानी के बारे में बताया। अंत में स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों ने इस कार्यक्रम की सराहना की और सभी को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी।



जींद। रक्षा बंधन कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि



जुलाना। विजेता छात्रों को सम्मानित करते स्कूल प्रशासन।

### हरियाणवी और पंजाबी गीतों पर किया नृत्य

जुलाना। जुलाना क्षेत्र के गढ़वाली गांव के राजकीय वमावि में कला उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूली छात्रों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम की इंचार्ज मोनिका ने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों ने एकल डांस, समूह डांस, पेंटिंग आदि में अपनी कला का प्रदर्शन किया। एकल डांस में स्वीटी ने प्रथम, अंजलि ने दूसरा और दीपिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।खेलकूद प्रतियोगिता छोटूराम स्कूल के खिलाड़ियों ने किया बेहरीन प्रदर्शन शामलो कलां गांव के राजकीय स्कूल में एक से 8 अगस्त तक हुई खंड स्तरीय प्रतियोगिता में छोटूराम स्कूल गतौली के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए खंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर 19 लड़कों की टीम ने राजकीय स्कूल जुलाना की टीम को तीन अंकों से मात देकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।



जींद। वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक को संबोधित करते डा. बलवान सिंह।

### वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक

जींद। कृषि विज्ञान केंद्र पांडु पिंडारा में शुक्रवार को वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 33वीं बैठक का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्यातिथि निदेशक विस्तार शिक्षा चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के विस्तार शिक्षा निदेशक डा. बलवान सिंह मंडल रहे। डा. बलवान सिंह ने उपस्थित वैज्ञानिकों व अधिकारियों को कहा कि प्राकृतिक खेती की सफलता की गाथा तैयार करें ताकि दूसरे किसान भी उससे प्रेरणा प्राप्त करके प्राकृतिक खेती को अपनाएं। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र पर विभिन्न जीवंत प्रदर्शन इकाई स्थापित करने की बात कही ताकि किसानों को ज्यादा से ज्यादा जानकारी प्राप्त हो सके। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों से आह्वान किया कि उनके द्वारा किसानों के लिए किए जा रहे प्रशिक्षणों का मूल्यांकन करें ताकि उनमें पाई जाने वाली खामियों को सुधारा जा सके। मत्स्य, बैंकिंग, सिंचाई व पशुपालन विभाग आदि के साथ सामंजस्य स्थापित करें और अपने कार्यक्रमों को जोर-शोर से चलाए। उन्होंने कृषि विशेषज्ञों को किसानों को नई-नई तकनीकों के बारे में अवगत कराने पर जोर दिया।

## प्रदेश और देश में हर घर तिरंगा अभियान चलाना प्रधानमंत्री मोदी का सराहनीय कदम : डॉ. टाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश मंत्री, चरखी दादरी जिले के प्रभारी डा. भारत भूषण टाक ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे राष्ट्र में चलने वाले तिरंगा अभियान की सराहना करते कहा कि राष्ट्रीय ध्वज हमारी अस्मिता का प्रतीक है। राष्ट्रीय ध्वज भारत के कण-कण की आत्मा में बसने वाला अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने और तिरंगे के साथ व्यक्तिगत और भावनात्मक संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए केंद्र सरकार की ओर से आजादी का अमृत महोत्सव की श्रृंखला में लगातार चौथे वर्ष हर घर तिरंगा अभियान मनाने का निर्णय सराहनीय व स्वागत योग्य है। जिस प्रकार से हमारे देश के प्रधानमंत्री भारत में तिरंगा यात्राओं का आयोजन कर राष्ट्रहित व हमारे वीर बहादुर सैनिकों की कुर्बानियों को जन-जन तक पहुंचाने का सराहनीय काम कर रहे हैं, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बडोली के नेतृत्व में हरियाणा के हर गांव से लेकर बड़े शहरों में तिरंगा यात्रा का आयोजन बड़े स्तर पर हो रहा है। तिरंगे के सम्मान में भाजपा हरियाणा परिवार आगामी 10, 11, 12 और 13 अगस्त को चार दिन तक भव्य तिरंगा यात्रा और हर घर तिरंगा अभियानष का आयोजन कर रहा है। कहा कि इस बार शहर घर तिरंगा अभियान तीन चरणों में चलेगा।

### नागरिकों में देशभक्ति की भावना जागृत होगी



भारत भूषण टाक ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों, पीडीएस दुकानों, खादी भंडार और स्थानीय बाजार के वस्त्रालयों आदि के माध्यम से तिरंगा की बिक्री और वितरण किया जाएगा। सभी सरकारी भवनों, शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी कार्यालयों आदि पर ध्वजारोहण समारोह और तिरंगा प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी। भाजपा जिला मीडिया एवं अन्य पदाधिकारियों ने भी केंद्र सरकार के निर्देशों पर हर घर तिरंगा अभियान का स्वागत किया है। कहा कि इससे देश के नागरिकों में देशभक्ति की भावना जागृत व बलवती होती है।



जींद। वीसी में भाग लेते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### जनहित सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : डीसी

जींद। हरियाणा सरकार के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ समाधान शिविर, सीएम विंडो तथा एसएमजीटी पोर्टल पर लंबित शिकायतों की स्थिति की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से निर्देश दिए कि सभी उपायुक्त अपने-अपने जिलों में समाधान शिविरों, सीएम विंडो, जनसंवाद एवं एसएमजीटी पोर्टल पर प्राप्त जन शिकायतों का शीघ्र, पारदर्शी एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करें। साथ ही सभी विभागों के प्रतिनिधियों को समाधान शिविरों में दर्ज शिकायतों की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत करने और उनकी वर्तमान स्थिति से संबंधित जानकारी समय पर साझा करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि 60 दिनों से लंबित शिकायतों का तत्काल निपटान सुनिश्चित किया जाए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के पश्चात डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने संबंधित अधिकारियों की बैठक में समाधान शिविर, सीएम विंडो एवं एसएमजीटी पोर्टल की विस्तारपूर्वक समीक्षा की ।

## रक्षाबंधन केवल एक परंपरा नहीं बल्कि संस्कारों का उत्सवः ज्योति

# वृक्षों को राखी बांधकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

रक्षाबंधन का पर्व न केवल भाई.बहन के स्नेह का प्रतीक है बल्कि ये हमारी परंपराओं संस्कृति और मूल्यों को भी जीवंत करता है। इसी भावना को संजोते श्री श्याम बाल वाटिका स्कूल में 8 अगस्त को रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में विविध रंगारंग गतिविधियाँ आयोजित की गईंए जिनमें विद्यालय के नन्हे.मुन्ने बच्चों ने बढ़.चढ़ कर भाग लिया। प्री.प्राइमरी कक्षा के बच्चों ने आपस में एक-दूसरे को राखी बांधकर न केवल पर्व की भावना को प्रकट किया बल्कि बालमन में स्नेह सहयोग और समर्पण जैसे भावों को



नरवाना। कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

भी मजबूती दी। बच्चों के चेहरों पर रक्षाबंधन की खुशी देखते ही बनती थी। कक्षा पहली व दूसरी के नन्हें बच्चों ने वृक्षों को राखी बांधकर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया। यह दृश्य अत्यंत भावुक कर देने वाला था जब छोटे हाथों से पेड़ों की शाखाओं पर स्नेह की डोर बाँधी गई और प्रकृति को परिवार का हिस्सा मानने की सोच को प्रकट किया गया। कक्षा तीसरी व चौथी के बच्चों के लिए राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गयाए जिसमें बच्चों ने अपने हाथों से सुंदर आकर्षक व पारंपरिक राखियाँ बनाईं। उनकी कलात्मकता और नवाचार ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ज्योति अरोड़ा ने अपने संदेश में कहा रक्षाबंधन केवल एक परंपरा नहीं बल्कि संस्कारों का उत्सव है। जब बच्चे प्रकृति को भी अपनी बहन मानकर उसकी रक्षा का वचन देते हैं तो यह समाज में सकारात्मक सोच और जिम्मेदारी का संकेत है। ऐसे आयोजन बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में अत्यंत सहायक होते हैं। विद्यालय का उद्देश्य सिर्फ अकादमिक शिक्षा नहींए बल्कि बच्चों में मानवीय मूल्यों और संस्कृति का विकास करना भी है। रक्षाबंधन हमें सिखाता है कि प्रेमए विश्वास और रक्षा का भाव जीवन के हर रिश्ते में होना चाहिए।

### वेदांता किड्स में राखी मेकिंग गतिविधि का सफल आयोजन

वेदांता किड्स इंटरनेशनल स्कूलए बसंत विहार में दिनांक 8 अगस्त 2025 को रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में ड्राइंग एक्टिविटी एवं राखी मेकिंग एक्टिविटी का सफल आयोजन किया गया। इस रचनात्मक आयोजन में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ड्राइंग एक्टिविटी में बच्चों ने रक्षाबंधनए पर्यावरणए स्वतंत्रता दिवसए एवं भारत के सांस्कृतिक विरासत जैसे विषयों पर अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से प्रस्तुत किया।



नरवाना। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### तीरंदाजी में आदित्य-दीपक ने जीता गोल्ड

नरवाना। विद्या भारती हरियाणा प्रांत की 36वीं खेलकूद प्रतियोगिता गत 5 अगस्त से 7 अगस्त तक कुरुक्षेत्र में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में पूरे हरियाणा प्रांत से खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में आदर्श बाल मंदिर उच्च विद्यालय नरवाना के खिलाड़ियों ने तीरंदाजी में आदित्य और दीपक ने गोल्ड तथा नवीन ने सिल्वर पदक प्राप्त किया। प्रांत में हॉकी की अंडर 17 आयुवर्ग की टीम ;चिराग, साहिल, अंकित, देव, रूद्र लवकुश, मोहित, अमन, हरदीप, हर्ष, आर्यन, अक्षित, प्रांजल, आर्यन, कशिशद्ध ने भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस खुशी के अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष कृष्णए प्रबंधक दिनेशए कोषाध्यक्ष नरेंद्र ग्रोवर एवं समस्त समिति सदस्यों ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी। वंदना सभा में सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य जोगिंद्र सिंह ने बच्चों को खेलों का महत्व बताया और अपने जीवन में खेल को लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सभी खिलाड़ियों को साधुवाद दिया और विद्यालय परिवार के लिए गौरव की बात बताई।

### जाट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैथल में करवाई राखी मेकिंग प्रतियोगिता, स्कूल प्रबंधन ने विजेता विद्यार्थियों को किया सम्मानित

# राखी मेकिंग में मनवीर, अलीशा, मन्नत एवं अर्चित को मिला प्रथम स्थान

**मेंहदी प्रतियोगिता में प्रीति ने प्रथम स्थान, गरिमा ने द्वितीय स्थान और सान्वी व पारुल ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया**


कैथल । राखी दिखाती जाट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैथल की छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर जाट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैथल में राखी मेकिंग प्रतियोगिता एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। त्यौहार की पूर्व संध्या पर आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों का जोश देखते ही बन रहा था।

कक्षा 1 से 5 वर्ग के राखी मेकिंग प्रतियोगिता में मनवीर, अलीशा, मन्नत एवं अर्चित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 6 से 8 वर्ग के मेहंदी प्रतियोगिताः मन्नू, योगिता, नेहा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। राखी प्रतियोगिताः नितिन, गीता एवं अनुष्का ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कक्षा 9 से 12 वर्ग में मेहंदी प्रतियोगिता में प्रीति ने प्रथम स्थान, गरिमा ने द्वितीय स्थान और सान्वी व पारुल ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेश कुमार ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें विद्यालय में आयोजित विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। जाट हाई स्कूल सोसायटी के प्रधान राजकुमार बेनीवाल, उपप्रधान बलजिंदर बनवाला, महासचिव रश्मि ढुल एडवोकेट तथा कोषाध्यक्ष बलकार नैन ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया और रक्षाबंधन पर्व को श्रद्धापूर्वक मनाने की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर स्टाफ सदस्य कर्मवीर, संतोष सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहे।

## राधा कृष्ण सीनियर विद्यालय में राखी का पर्व मनाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

राधा कृष्ण सीनियर सेकंडरी विद्यालय कैथल में राखी का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इसमें सभी कक्षाओं के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर हस्त निर्मित राखियां बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति प्रेम जागृत करना और उनकी रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य ने विजेता विद्यार्थियों को मेडल और उपहार देकर सम्मानित किया। प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के नाम 11वीं कक्षा के दीपक जांगड़ा, नौवीं कक्षा से जानवी, चौथी कक्षा से मनीत और 11वीं कक्षा से शुभी रहे। प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों के साथ अन्य प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया गया। साथ ही स्कूल के एमडी लाभ सिंह लैलर जी ने विजयी बच्चों को बधाई दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मीनू नरवाल ने पर्व की महता को समझाते हुए कहा कि यह त्यौहार भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक है। जिसमें भाई अपनी बहन से राखी बंधवा कर आजीवन उसकी रक्षा करने का दायित्व लेता है। इस राखी के शुभ अवसर पर प्रधानाचार्य ने सभी अभिभावकों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर स्कूल कोऑर्डिनेटर ,अंजू, मोनिका, अशोक पीटीआई, आंचल, शैंकी, प्रियंका इत्यादि अध्यापकगण मौजूद रहे।


कैथल । राधा कृष्ण सीनियर सेकंडरी विद्यालय कैथल के विद्यार्थी एमडी तथा प्रधानाचार्या को राखी बांधते हुए। फोटो : हरिभूमि




## एसपी आस्था मोदी ने स्कूली बच्चों के साथ मनाया रक्षाबंधन का त्योहार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

रक्षाबंधन का त्यौहार धूमधाम से मनाया जाएगा। इसी क्रम में शुक्रवार को डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल तथा आरकेएसडी स्कूल कैथल की छात्राएं पुलिस अधीक्षक कैंप ऑफिस में पहुंची। कार्यालय में मौजूद एसपी आस्था मोदी को छात्राओं द्वारा कलाई पर राखी बांध कर मिठाई खिलाते हुए रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया। इस दौरान एसपी ने भी बच्चो के साथ काफी समय बिताया और उन्होंने छात्राओं को शुभकामनाएं दी। एसपी आस्था मोदी ने कहा कि बच्चों के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाना काफी खास रहा। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि बच्चों के बीच पुलिस की एक बेहतर छवि बनाई जाए। इस मौके पर सभी छात्राओं को दुर्गा शक्ति एप्प तथा हेल्पलाइन नंबर डायल 112 बारे जागरूक किया गया।

## आदर्श स्कूल जाखौली में मनाया रक्षाबंधन का पर्व

राजौंद । अदर्श सीनियर सैकेंडरी स्कूल जाखौली में रक्षाबंधन का पावन पर्व पूरे उत्साह एवं सांस्कृतिक वातावरण में मनाया गया। इस दौरान विद्यालय की बहनों ने भाइयों की कलाइयों पर प्रेम और सुरक्षा का प्रतीक राखी बांधी। राखी बांधने की इस रस्म ने विद्यालय परिसर को आत्मीयता और भावनात्मक माहौल से भर दिया। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई भाई-बहन के रिश्ते पर आधारित मंचन ने सभी का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य ओमप्रकाश शर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व भारतीय संस्कृति की महान परंपराओं में से एक है जो भाई-बहन के रिश्ते को प्रेम विश्वास और कर्तव्य से जोड़ता है। उन्होंने सभी भाइयों से अपनी बहनों की रक्षा करने और बहनों से भाइयों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करने का आह्वान किया।





## श्री पार्श्वनाथ स्कूल राजौंद में रक्षाबंधन त्योहार मनाया

राजौंद । पुंडरी रोड़ स्थित श्री पार्श्वनाथ स्कूल राजौंद में रक्षाबंधन त्योहार को विद्यार्थियो ने धूम-धाम से मनाया। सभी कक्षाओं में राखी बनाओ प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें बच्चों ने विभिन्न तरह की सजावट सामग्री का इस्तेमाल करके एक से एक सुन्दर राखी बनाई। इस दौरान कक्षा पांचवी से महेश्वर,छठी से यशस्वी, सातवी से तुलसी व कक्षा आठवीं से हिमानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान स्कूल प्रबंधक रमेश राणा ने कहा कि रक्षाबंधन बहन-भाई के प्रेम का त्योहार है। भारतीय संस्कृति की पहचान हमारे त्यौहार से होती है। हमें इन्हें अपनी धरोहर मान कर जीवन में मनाना चाहिए। इस दौरान दलजीत कौर, आशु राणा, रितु शर्मा, रितु अग्रवाल व मनिंदर कुमार स्कूल सहित स्कूल स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## श्वेता रॉयल पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन पर्व

पूंडरी । श्वेता रॉयल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल पूंडरी में रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने राखी मेकिंग, थाली सजावट, रंग भराई व कक्षा सजावट जैसी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। बच्चों ने अलग-अलग रंगों और डिजाइनों की आकर्षक राखियां तैयार कीं और आपस में राखी बांधकर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को और मजबूत किया। बहनों ने भाइयों की लंबी आयु की कामना करते हुए उन्हें राखी बांधी और मिठाई खिलाई। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक दीपक वालिया, प्राचार्या प्रियंका वालिया व अन्य स्टाफ सदस्यों ने बच्चों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। प्राचार्या ने पर्व का महत्व बताते हुए कहा कि राखी भाई-बहन के स्नेह, सहयोग और पवित्र रिश्ते का प्रतीक है, जो सदियों से हमारी संस्कृति की पहचान रहा है। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। मौके पर पूरा स्कूल परिवार उत्साह से सराबोर रहा।






## गायत्री स्कूल में करवाई राखी प्रतियोगिता

कैथल । माता गेट स्थित गायत्री पब्लिक स्कूल में रक्षाबंधन का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बच्चों के लिए स्क्रैपबुक पर राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने विभिन्न साज-सजावट की वस्तुओं का प्रयोग कर के सुंदर-सुंदर राखी के डिजाइन बनाए। बच्चों ने वेस्ट टू बेस्ट कॉन्सेप्ट के आधार पर बेकार पड़ी चीजों से राखियां बनाई। बच्चों ने कागज, विभिन्न प्रकार के धागे, स्टोन, इअरबडस, कॉटन, चार्ट पेपर, बीज, दालें, चावल व अन्य सामान का इस्तेमाल कर स्कूल में ही सुंदर राखी तैयार की। स्कूल प्रिंसीपल वनिता गुप्ता ने सभी को शुभकामनाएं दी और रक्षाबंधन पर्व के महत्व को बताते हुए बच्चों को कहा कि यह पर्व भाई-बहन के लिए खुशियों का पर्व होता है,इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाइयों पर रक्षा सूत्र बांधकर उनकी लम्बी आयु की कामना करती है। प्रतिभागियों को स्टाफ ने प्रोत्साहित किया।

# ओएसडीएवी विद्यालय में रक्षाबंधन के पर्व पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

ओएसडीएवी विद्यालय में मनाया गया रक्षाबंधन का पावन पर्व विद्यालय में रक्षाबंधन का पर्व अत्यंत श्रद्धा, प्रेम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर नर्सरी से लेकर 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें बच्चों ने पूरे मनोयोग से भाग लिया। छोटे-छोटे बच्चों ने गिद्दा, भांगड़ा, सुंदर लघु नाटिका और नृत्य के माध्यम से रक्षाबंधन के इतिहास और इसे मनाने की परंपरा को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।

दर्शकों ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना की और भावनात्मक रूप से जुड़ाव महसूस किया।इस अवसर पर जहां लड़कियों द्वारा भाइयों को राखी बांधने के लिए राखी की थालियाँ सजाई गईं, जिनमें रचनात्मकता और परंपरा का सुंदर संगम देखने को मिला। वहीं लड़कों ने उपहारों की आकर्षक पैकिंग कर अपनी बहनों के प्रति स्नेह प्रकट किया।बच्चों द्वारा बनाई गई सुंदर कलाकृतियों का प्रदर्शन भी किया गया, जिसे विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजु तलवाड़ ने मुक्त कंठ से सराहा। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि राखी का त्योहार हमें आपसी भाईचारे, प्रेम और मिलजुल कर रहने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि प्राचीन काल में ब्राह्मण राजाओं को राखी बांधते थे, जो उनकी रक्षा का वचन देते थे। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय के बच्चों ने अपने हाथों से बनाई राखियां तीनों सेनाओं के सैनिकों को भेजी हैं, साथ ही उनके प्रति आभार व्यक्त करते हुए सुंदर-सुंदर संदेश भी प्रेषित किए हैं।



कैथल। ओएसडीएवी विद्यालय में रक्षाबंधन का पर्व पर झूमती छात्राएं



कैथल। अधिवक्ता अरविंद खुरानिया बुजुर्गों को संबोधित करते हुए

## वृद्ध आश्रम में वरिष्ठ नागरिकों को किया जागरूक

कैथल। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कंवल कुमार के निर्देशानुसार शुक्रवार को विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर सनातन धर्म मंदिर कमेटी चौक, कैथल स्थित वृद्ध आश्रम में वरिष्ठ नागरिकों के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पैनल अधिवक्ता अरविंद खुरानिया ने उपस्थित जनों को वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव कंवल कुमार ने बताया कि इस जागरूकता शिविर का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के योगदान को सम्मान देना, उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उनके कल्याण के लिए समाज को प्रेरित करना है। हमारा उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को सुरक्षित और गरिमापूर्ण जीवन जीने हेतु प्रेरित करना है। इसके साथ ही गांव सोलू माजरा और चुहड माजरा में भी जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि संविधान के अनुसार गरीबों व समाज के कमजोर वर्गों के लिए निशुल्क कानूनी सहायता की व्यवस्था की गई है। राज्य का उत्तरदायित्व है कि सबके लिए समान अवसर सुनिश्चित करे।

# ज्यादा लंबित शिकायतों के निपटान पर फोकस करें अधिकारी : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

डीसी प्रीति ने कहा कि समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। सभी अधिकारी अपने अपने विभाग से संबंधित लंबित शिकायतों के निपटान पर फोकस करें और जिन शिकायतों का समाधान जिला स्तर पर संभव नहीं है, उनको लेकर रिमार्क्स यानी टिप्पणी में उचित कारण लिखा जाए, ताकि उनका समाधान मुख्यालय स्तर पर कराया जा सके। डीसी प्रीति शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों को लेकर समीक्षा बैठक कर रहीं थीं। इससे पहले मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से प्रदेश के सभी जिला उपायुक्तों के साथ समीक्षा बैठक की और जन शिकायतों को गंभीरता के साथ सुनने और उनका प्रभावी समाधान निकालने के निर्देश दिए। इसके उपरांत डीसी प्रीति ने जिला के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बिजली विभाग, नगर निकाय तथा पंचायत विभाग को अपनी शिकायतों के निपटान के लिए विशेष मेहनत करने की जरूरत है। इसके साथ ही सभी विभाग सुनिश्चित करें कि एक्शन टेकन रिपोर्ट की गुणवत्ता सही हो, ताकि कोई भी शिकायत रि-ओपन न होने पाए। एक्शन टेकन रिपोर्ट में स्पष्टता होनी चाहिए। ज्यादा दिन तक लंबित रहने वाली शिकायतों को लेकर संबंधित अधिकारी या कर्मचारी की जवाबदेही तय की जाए। इस अवसर पर एडीसी दीपक बाबूलाल करवा, सीईओ जिला परिषद सुरेश राविश, एसडीएम अजय सिंह, सीटीएम गुरविंद्र सिंह, डीएसपी बीरभान सिंह आदि रहे।


कैथल। डीसी प्रीति अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए फोटो : हरिभूमि

### अंडर 14 व अंडर 17 और अंडर 19 के छात्र छात्राओं ने विभिन्न खेलों में भाग लिया

# खेलकूद प्रतियोगिता में एमडी स्कूल राजौंद के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन, मिला सम्मान

*स्कूल प्रबंधक देश राज चहल व प्रधानाचार्य राजेश कुमार ने विजेताओं को दी बधाई*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजौंद

ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में एम. डी.स्कूल राजौंद के विद्यार्थियों का जबरदस्त प्रदर्शन, जिला स्तर पर खेलने का अपना स्थान किया पक्का। स्कूल प्रबंधक देश राज चहल व प्रधानाचार्य राजेश कुमार ने बताया कि ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में एम.डी.स्कूल के विद्यार्थियों ने अपना बेहतर प्रदर्शन दिखाकर जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में क्वालीफाई किया है। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता राजीव गांधी खेल स्टेडियम रोहेड़ा में आयोजित की गई थी। इसमें अंडर 14 व अंडर 17 और अंडर 19 के छात्र छात्राओं ने विभिन्न खेलों में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में गोला फेंक में हनीप्रीत प्रथम स्थान पर रही व तनु 3000 मीटर दौड़ में प्रथम रही, प्रदीप गोला फेंक में द्वितीय रहा , दिग्विजय गोला फेंक में द्वितीय, शिवम 200 मीटर दौड़ में द्वितीय रहा, अंशुल लंबी कूद में द्वितीय रहा, गरिमा लंबी कूद में तृतीय स्थान पर रही,अंजलि 100 मीटर दौड़ तृतीय स्थान पर रही,नव्या राणा गोला फेंक में तृतीय स्थान पर रहे। इसके अलावा अंडर 14 लड़कों के शतरंज मुकाबले में एम.डी.स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।


कैथल। जीत कर आई टीम को पगड़ी पहनाकर सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे विजेता**

उन्होंने बताया कि अंडर 17 लड़कों ने शतरंज मुकाबले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, अंडर 19 में लड़कों के शतरंज मुकाबले में प्रथम स्थान प्राप्त किया, अंडर 14 लड़कियों के शतरंज मुकाबले में प्रथम स्थान प्राप्त किया, अंडर 17 लड़कियों के शतरंज मुकाबले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा अंडर 19 लड़कियों के शतरंज मुकाबले में प्रथम स्थान प्राप्त किया, अंडर 19 कबड्डी मुकाबले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, अंडर-19 वॉलीबॉल मुकाबले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधक देशराज चहल और प्रधानाचार्य राजेश ढुल ने बच्चों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



कैथल। रंगोली में अव्वल रही आइजी कालेज की छात्राएं फोटो : हरिभूमि

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत किया गया रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

■ छात्राओं ने रंगोलियां बनाकर देश प्रेम की भावना को किया उजागर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

शुक्रवार को आईजी कॉलेज में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से हर घर तिरंगा महोत्सव के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सुंदर रंगोलियां बनाकर देश प्रेम की भावना को उजागर किया। रंगोली की विविध रचनाओं में राष्ट्रीय ध्वज, भारत माता, और स्वतंत्रता सेनानियों के चित्र प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक ज्योति, जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ़ वूमेन ने विशेष भूमिका निभाई। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी गुरजीत कौर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा अभियान देश के प्रति हमारी राष्ट्र भक्ति की भावनाओं को व्यक्त करने का एक अद्वितीय माध्यम है।

## खबर संक्षेप

### हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत कैंप आयोजित

**राजौंद।** गांव किठाना के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत कैंप का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर संदीप सिंह ने सिविल सर्जन डॉक्टर रेनू चावला के मार्गदर्शन में एवं वरिष्ठ अधिकारी डॉक्टर कीर्ति शर्मा के मार्गदर्शन में की। इस दौरान डा. रेनू चावला के मार्गदर्शन में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान सभी मरीजों का कार्यक्रम के अंतर्गत बीपी शुगर व की अन्य बिमारियों की जांच की गई। इसके अलावा स्वास्थ्य केंद्र में सफाई अभियान चलाया गया। कैंप में 78 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जांच के बाद उनको दवाइयां वितरित की गई।

### ध्रुव स्कूल फतेहपुर के छात्र शतरंज में छाए

**पूंडरी।** ब्लॉक स्तर स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता पूंडरी में ध्रुव पब्लिक स्कूल के खिलाडियों ने शतरंज, बैडमिंटन, वॉलीबॉल,एथलेटिक्स और क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेकर बहुत ही अच्छा प्रदर्शन किया। शतरंज खेल मे 14 वर्षीय 17 वर्षीय 19 वर्षीय लडक़े और लड़कियों की सभी टीम प्रथम स्थान पर रही। बैडमिंटन खेल में 14 वर्षीय लड़कियां प्रथम रही और 17 वर्षीय लडक़े द्वितीय स्थान पर रहे। वॉलीबॉल खिलाडियों का प्रदर्शन भी बहुत ही सराहनीय रहा और क्रिकेट प्रतियोगिता अभी चल रहे हैं। इस प्रदर्शन के लिए सभी खिलाडय़ों और डीपीई जितेंद्र सिंह और कोच हिमांशी को बधाई दी गई।

### सरकारी अस्पतालों की ओपीडी में बढ़ी भीड़

# आईएमए की हड़ताल से दूसरे दिन भी ऑपरेशन नहीं, मरीज परेशान

चिकित्सक व दवाइयां नहीं मिलने से भड़के मरीज, प्राइवेट अस्पतालों में फिर से ऑपरेशन व अन्य सुविधाएं शुरू करवाने की मांग, आयुष्मान योजना का भुगतान न होने से खफा प्राइवेट अस्पताल



जींद। अस्पताल में दवा खिड़की पर लगी मरीजों की भीड़। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की हड़ताल शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रही। जिससे स्वास्थ्य सेवाओं पर व्यापक असर पड़ा। निजी अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड धारकों के आप्रेशन न होने से मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरकारी अस्पतालों में मरीजों की भीड़ बढऩे से ओपीडी पर दबाव कई गुणा बढ़ गया है।

वहीं जिन लोगों को आप्रेशन की डेट मिली थी, उनके आप्रेशन कब होंगे, यह उन लोगों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। ऐसे में आमजन की सरकार से मांग है कि निजी चिकित्सक एसोसिएशन से बातचीत कर उनका भुगतान किया जाए व आयुष्मान कार्ड पर फिर से आप्रेशन सुविधा को शुरू करवाया जाए।

जिले में निजी अस्पताल संचालकों ने वीरवार से आयुष्मान कार्ड धारकों का उपचार बंद कर दिया। जिसकी वजह सरकार द्वारा आयुष्मान पर किए मरीजों के इलाज का भुगतान न होना है। क्योंकि जिले के आयुष्मान के पैनल पर आने वाले कुल 56 अस्पतालों का सरकार की तरफ करोड़ों बकाया है। लगभग दो माह पहले भी भी निजी अस्पतालों ने आयुष्मान कार्ड मरीजों को उपचार बंद कर दिया था लेकिन तब सरकार से मिले जल्द भुगतान के आश्वासन पर निजी अस्पतालों ने अपने फैसले को वापस ले लिया था। अब फिर आयुष्मान के मरीजों का इलाज करने से मना कर दिया।

#### अस्पताल में मौजूद हर सुविधाएं मरीजों को करवाई जा रही मुहैया: सीएमओ

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि अस्पताल के पास जितनी सुविधाएं हैं, वो सब मरीजों को उपलब्ध करवाई जा रही हैं। अस्पताल में चिकित्सक लगातार ओपीडी कर रहे हैं और जो सर्जरी के केस हैं, प्रतिदिन की तरह उन्हें निपटाया जा रहा है। उनका प्रयास है कि अस्पताल में आने वाले मरीज को हर चिकित्सा सुविधा मिले।

#### जींद अस्पताल की ओपीडी

| | |
|---|---|
| 08 अगस्त | 1620 |
| 07 अगस्त | 1705 |

नोटः यह ओपीडी डेढ़ बजे तक दर्ज की गई थी।

#### नहीं हो सकती ज्यादा सर्जरी

नागरिक अस्पतालों की बात की जाए तो एक साथ दस से 12 सर्जरी ही हो सकती है वहीं अलग-अलग निजी अस्पतालों में एक दिन की ओसत सर्जरी की संख्या 40 से 50 तक आ जाती है। ऐसे में मरीजों को निजी अस्पतालों में ही सर्जरी का सहारा लेना पड़ता है। जिले में आयुष्मान के पैनल पर आने वाले निजी अस्पताल में ज्यादातर पित्त की थैली में पत्थरी, बच्चे दानी, मोतियाबिंद संबंधित मरीज सबसे ज्यादा ऑपरेशन करवाने के लिए जाते हैं। जिन लोगों के पास आयुष्मान कार्ड है, उनका निजी अस्पतालों में इलाज मुफ्त हो जाता है। वहीं जिन लोगों के पास आयुष्मान कार्ड नही है, निजी अस्पतालों में ऑप्रेशन करवाने का इलाज काफी महंगा पड़ता है। आईएमए के पूर्व प्रधान डा. सुशील मंगला ने बताया कि सरकार द्वारा निजी अस्पताल संचालकों के साथ यह तय किया हुआ है कि आयुष्मान पर किए जाने वाले इलाज का भुगतान 15 दिन के अंदर सरकार करेगी लेकिन भुगतान तीन-तीन साल बाद भी नही हो पा रहा है। बावजूद इसके निजी अस्पतालों द्वारा मरीज का उपचार कर दिया जाता है लेकिन सरकार द्वारा समय पर उपचार की राशि दी ही नहीं जा रही है। जिले के आयुष्मान पैनल अस्पतालों के करोडों रुपये का भुगतान पेडिंग पड़ा है।यही कारण है कि निजी अस्पतालों ने आयुष्मान पर होने वाले इलाज की सेवाएं मरीजों के लिए बंद कर दी हैं। जब तक अस्पतालों को भुगतान नहीं होता है तब तक यह सेवा बंद रहेगी।

# मंत्री ने फुलियां कलां में 3 दर्जन मांगों की मंजूर



नरवाना। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री बेदी। *फोटो :हरिभूमि*

- गांव के विकास कार्यों के लिए करीब 3 करोड़ देने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

हरियाणा सरकार में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार जन.कल्याण के लिए निरंतर ऐतिहासिक कार्य कर रही है। आज देश के 85 करोड़ लोगों को मुफ्त राशनए प्रदेश में 24 घंटे बिजली आपूर्तिए गरीबों को आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाजए और किसानों को एमएसपी पर फसल की खरीदी के बाद 24 घंटे में भुगतान जैसी अभूतपूर्व सुविधाएं दी जा रही हैं। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र के गांव फुलियां कला में धन्यवादी दौरे के दौरान आयोजित एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। कैबिनेट मंत्री ने पंचायती राज के अंतर्गत 27 लाख 43 हजार रूपये की लागत से नवनिर्मित गली का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य गांवों और शहरों का समग्र विकास और जनता की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करना है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लिए गए जनकल्याण एवं गरीब उत्थान के निर्णयों का ही नतीजा है कि लगातार देश व प्रदेश की जनता ने तीसरी बार माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मादी तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पर विश्वास जताया है। जनसभा में ग्रामीणों की मांगों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने फुलियां कला गांव के लिए लगभग 3 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की घोषणा की। कैबिनेट मंत्री ने ग्रामीणों से रूबरू होते हुए आगामी 17 अगस्त को प्रस्तावित मुख्यमंत्री की नरवाना विकास रैली में भारी संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी का पुष्प वर्षाए फूल मालाओंए पुष्प गुच्छ देकर जोरदार स्वागत किया। इसके साथ ही स्मृति चिन्ह भेंट और पारंपरिक पगड़ी पहनाकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सत्यवान शर्माए धनंजय गिरी महाराजए गांव की महिला सरपंच कविता, पूर्व सरपंच मैदान सिंह, कुलदीप सिंह, बीडीसी रीना देवी, सुरेन्द्र हथो, दिनेश गोयलए एडवोकेट राजेश शर्मा, सुरेश व भीम दनौदा, अमित धरौदी मौजूद रहे।

# वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर, सम्मान जरूरी : सीजेएम

- डे केयर सेंटर में वरिष्ठ नागरिकों को दी जानकारी जानकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। कार्यक्रम में मौजूद वरिष्ठ नागरिक और सीजेएम। *फोटो :हरिभूमि*

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मोनिका ने शुक्रवार को डे केयर सेंटर सेक्टर सात में चाय पे चर्चा कार्यक्रम एक विशेष कानूनी साक्षरता शिविर का आयोजन किया। इसमें वरिष्ठ नागरिकों से जुड़ी महत्वपूर्ण कानूनी जानकारियों को सरल भाषा में साझा किया। उन्होंने बताया कि भारत में वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष कानून बनाए गए है, जिनमें सबसे प्रमुख है वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007 इस कानून के तहतए संतान या वारिस पर यह कानूनी जिम्मेदारी है कि वे अपने माता-पिता या दादा-दादी का उचित भरण पोषण करें। अगर कोई संतान ऐसा नहीं करता तो वरिष्ठ नागरिक प्राधिकरण में शिकायत कर सकते हैं और उन्हें भत्ता, देखभाल या आवास दिलाया जा सकता है। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिकों को सरकारी एवं गैर सरकारी योजनाओं का लाभ लेने का अधिकार है। यदि किसी वरिष्ठ नागरिक ने अपनी संपत्ति किसी शर्त के आधार पर संतान को दी है और वह संतान उस शर्त का पालन नहीं करती तो वरिष्ठ नागरिक के पास उसे वापस लेने का कानूनी अधिकार है।



उचाना। मांडी गांव में श्रवण मांडी के पिता के निधन पर शोक प्रकट करने पहुंचे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली। *फोटो :हरिभूमि*

### बिना पर्ची व खर्ची मिल रही सरकारी नौकरी : बड़ौली

**उचाना।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि प्रदेश में 13 लाख अभ्यर्थियों ने सीईटी परीक्षा में भाग लिया और अभ्यर्थियों ने परीक्षा को त्योहार की तरह मनाया। परीक्षा केंद्र तक पहुंचने के लिए अभ्यर्थियों को मुफ्त बस सेवा प्रदान की गई थी। बड़ौली देर शाम भाजपा छात्तर मंडल अध्यक्ष श्रवण मांडी के पिता के निधन पर शोक प्रकट करने पहुंचे थे। इस दौरान उनके साथ भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री, रिछपाल, ओमप्रकाश थुआ सहित अन्य भाजपा नेता भी मौजूद थे। बड़ौली ने कहा कि सरकार लोकहित के कार्य कर रही है। जनता का भाजपा पर विश्वास है। प्रदेश में भाजपा सरकार तीसरी बार सत्ता में है। कांग्रेस को जनता नकार चुकी है। इसलिए कांग्रेस बौखला गई है और ईवीएम पर दोष लगाती है। भाजपा सरकार बनने के बाद हजारों युवाओं को बिना पर्ची, खर्ची के बड़े पदों पर नौकरियां मिली हैं। भाजपा सरकार पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है। सरकारी लाभ सीधे लोगों तक पहुंच रहे हैं।

# विदेशी कंपनियों के खिलाफ उतरे कारोबारियों की महागर्जना कल

- व्यापार मंडल ने जिला स्तरीय विरोध का किया समर्थन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। अभियान को लेकर जन संपर्क अभियान चलाते मंच सदस्य।

विदेशी कंपनियों के खिलाफ स्वदेशी जागरण मंच की ओर से 10 अगस्त को जींद में प्रस्तावित जिला स्तरीय कार्यक्रम को व्यापार मंडल ने समर्थन देने का ऐलान किया है। डा. राजेंद्र गुप्ता ने बताया कि ऑनलाइन ट्रेड विदेशी कंपनियों के खिलाफ उस रोज यहां जींद में स्वदेशी जागरण मंच और व्यापार मंडल की महा गर्जना सुनने लायक होगी। व्यापारी कहते हैं कि बढ़ते ऑनलाइन ट्रेड से छोटा और मंझोला कारोबारी सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। संदीप गर्ग ने बताया कि बैंकों से कर्ज लेकर कारोबारी रोजी रोटी कमा रहा है लेकिन ऑनलाइन ट्रेड के बढ़ते प्रचलन से छोटे और मंझौले कारोबारी बैकफुट पर आ गए हैं। हाल ही में केंद्रीय व्यापारिक संगठनों और व्यापार मंडलों की दिल्ली में आयोजित बैठक में बढ़ते ऑनलाइन ट्रेड पर चिंता जताई। जिला संपर्क प्रमुख वीरेंद्र पिंडारा ने बताया कि स्वदेशी जागरण मंच के साथ मिलकर ऑनलाइन ट्रेड के खिलाफ महाअभियान चलाने का फैसला लिया गया है। उन्होंने कारोबारियों से आग्रह किया कि 10 अगस्त को सुबह जींद में इक_ा होकर ऑनलाइन ट्रेड कंपनियों के खिलाफ कारोबारी एक्जुट हैं।

# लुदाना में महिलाओं को दिया अगरबत्ती बनाने का प्रशिक्षण

- कार्यक्रम में गांव की 35 महिलाओं व युवतियों को किया प्रशिक्षित।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। प्रशिक्षण समाप्त होने पर मौजूद प्रशिक्षार्थी।

पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जींद द्वारा गांव लुदाना में बुनियादी घरेलू अगरबत्ती बनाने का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें 35 महिलाओं व युवतियों को घरेलू अगरबत्ती बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जींद के निदेशक सुखबीर दहिया ने प्रशिक्षुओं को बताया कि बुनियादी घरेलू अगरबत्ती बनाने का कोर्स करने के बाद पहले छोटे स्तर पर और फिर बड़े स्तर पर अपना काम शुरू किया जा सकता है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद आर्थिक रूप से सक्षम युवतियां व महिलाएं सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के माध्यम से बैंकों से ऋण लेकर काम शुरू कर सकती हैं। पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जींद प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक सुखबीर दहिया ने प्रशिक्षुओं को विभिन्न प्रकार के सरकारी संस्थानों द्वारा संचालित प्रशिक्षण अथवा भविष्य में मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# लूटपाट व ब्लैकमेलिंग करने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

- कबाड़ी का सामान बेचने के बहाने बुलाकर फंसाया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। लूटपाट व ब्लैकमेल करने का आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

कबाड़ी का सामान बेचने के बहाने बुलाकर मारपीट, लूटपाट, अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल में थाना शहर प्रभारी इंस्पेक्टर गीता की अगुवाई में एस आई राजकुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव बालू निवासी अशोक को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की गांव मटौर निवासी सोनू की शिकायत अनुसार उसकी गांव में कबाड़ी की दुकान है। 24 मई को उसे एक अज्ञात नंबर से फोन आया, जिसमें एक महिला ने कबाड़ी का सामान बेचने के बहाने कैथल बुलाया। महिला के कहने पर वह बाइक से कैथल के चीका चौक पहुंचा, जहां वही महिला उसे मिली और अपने घर पर सामान दिखाने के बहाने ले गई। घर के अंदर जाते ही कमरे में पहले से मौजूद 1 लड़की, 1 महिला, 4 लड़के और 1 बुजुर्ग ने उसे कमरे में बंद कर दिया। आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की, जेब से 10,000 रुपये नकद निकाल लिए और जबरन 40,000 रुपये गूगल पे के माध्यम से ट्रांसफर करवा लिए। जब उसने फोन का लॉक खोलने से इंकार किया तो आरोपियों ने एक लड़की के साथ उसकी अश्लील वीडियो और फोटो बना ली तथा उसे वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया। जिसके बाद उन्होंने उसे किसी को बताने पर वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए छोड़ दिया।

# रोजगार के क्षेत्र में आईएमटी साबित होगी मील का पत्थर

- बिना नाम लिए बीरेंद्र सिंह पर हमला, 50 साल से सीएम बनने का दिखा रहे सपना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना



उचाना। लोगों की समस्याओं को सुनते हुए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री। *फोटो :हरिभूमि*

भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि उचाना हलके में आईएमटी बनने की घोषणा उचाना के युवाओं के लिए रोजगार के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी। जो 50 साल से राजनीति उचाना हलके में कभी सीएम बनने के नाम पर करते आ रहे है तो कभी युवाओं के नाम पर करते आ रहे है। उचाना हलके में कोई बड़ा उद्योग लगेए सरकारी कॉलेज बने, पार्क बने इसको लेकर कभी सोचा तक नहीं है। अब युवाए हलके के मतदाता किसी के बहकावे में नहीं आएंगे। आज का मतदाता विशेषकर युवा जान चुका है कि उनके हित भाजपा पार्टी में सुरक्षित है। प्रदेश की ईमानदार सरकार निरंतर युवाओं को मेरिट के आधार पर रोजगार दे रही है। उचाना में आईएमटी बनने के बाद यहां के युवाओं को रोजगार के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। किसानों की जमीन भी बाजार भाव पर आईएमटी के लिए ली जाएगी। जींद जिले में प्रदेश की सबसे बड़ी आईएमटी बनेगी।

# 22 लाख की ठगी मामले में एमपी के प्रजवल सिंह को किया गिरफ्तार

- अपनी महिला साथी के साथ मिलकर शेयर मार्केट में पैसे लगाने का झासा देकर की थी ठगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। धोखाधड़ी का आरोपी थाना पुंडरी की गिरफ्त में।

गांव सिरसल निवासी युवक से शेयर मार्किट में ट्रैडिंग के नाम पर 22 लाख रुपए की ठगी मामले की जांच थाना पूंडरी पुलिस के एसआई संजय कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी पारसपुर नगर इंदौर मध्य प्रदेश निवासी प्रजवल सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस गांव सिरसल निवासी अशोक कुमार के अनुसार इंदौर एमपी के प्रज्वल सिंह व उसकी साथी मोनिका शर्मा ने 5 जनवरी 2025 को उसे फोन कर शेयर मार्केट में निवेश कर भारी मुनाफा दिलाने का झांसा दिया। शुरुआत में आरोपियों ने उसे अपने 'एंजल कंपनी' के शेयर अकाउंट में 80 हजार रुपए जमा करवाने के लिए कहा और उसका पिन कोड भी ले लिया। कुछ ही दिनों में अलग-अलग बहानों से मोनिका शर्मा व अन्य खातों में विभिन्न राशि ट्रांसफर करवाई गई। इसके अलावा, 26 जनवरी 2025 को उससे 9 लाख 10 हजार रुपए नकद भी इंदौर बुलाकर ले लिए गए। निवेश बढ़ाने का दबाव डालते हुए कहा कि वे करोड़ों रुपये का मुनाफा कमाकर देंगे। हिसाब मांगा तो टालमटोल करने लगे।

### 2024-25 के विद्यार्थियों को आज तक नहीं मिला योजना का लाभ

# ऑनलाइन खाते में डाली जाए मेधावी छात्रों की छात्रवृत्ति

- हजरस ने सीएम से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



दलबीर राठी

हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ(हजरस) के राज्य प्रधान दिनेश निम्बरिया,राज्य संयोजक दलबीर राठी, राज्य महासचिव विनोद मोहड़ी व राज्य कोषाध्यक्ष राजेश पेटवाड़ , राजेश सिंहमार राज्य सह कोषाध्यक्ष ने संयुक्त बयान में बताया कि मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार कक्षा 12वीं में 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को / "मेधावी छात्रवृत्ति योजना/" के तहत वन टाइम छात्रवृत्ति की राशि 111000 उपलब्ध करवाने की घोषणा की गई थी। गत वर्ष 2023-24 में 12 वीं की परीक्षा में 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री हरियाणा द्वारा छात्रवृत्ति राशि सहित अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया था। मुख्यमंत्री हरियाणा द्वारा सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों और समस्त समाज में भी एक अच्छा संदेश गया। इस छात्रवृति राशि से बच्चे अपनी उच्च शिक्षा में दाखिला ले सकते हैं और अपनी पढ़ाई जारी रख सकते हैं। हरियाणा सरकार की मेधावी छात्रवृत्ति योजना के तहत अनुसूचित जाति के छात्रों को उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रवेश की सुविधा प्रदान कर रही है। इस मेधावी छात्रवृत्ति योजना का उद्देश्य समग्र विकास को बढ़ावा देना और यह सुनिश्चित करना कि सभी समुदायों और श्रेणियों के छात्र एक साथ आगे बढ़ सके इस योजना के तहत गत शैक्षणिक वर्ष 2023 -24 में कुल 700 मेधावी विद्यार्थियों ने इस योजना के लिए अर्हता प्राप्त की थी। छात्रवृत्ति की राशि बच्चों के खातों में पीएफएमएस के माध्यम से ऑनलाइन भेजी गई थी। लेकिन गत शैक्षणिक वर्ष 2024 -25 की 12वीं कक्षा में 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को सरकार ने अभी तक कोई सुध नहीं ली है और न ही स्कूलों से योग्य विद्यार्थियों के आवेदन व लिस्ट मांगी है। अतः हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ माननीय मुख्यमंत्री हरियाणा एवं शिक्षा मंत्री हरियाणा से मांग करता है कि वर्ष 2024 -25 की बारहवीं की परीक्षा में 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को /"मेधावी छात्रवृत्ति योजना/" के तहत मिलने वाली छात्रवृत्ति राशि 111000 योग्य विधार्थियों के खातों में आनलाइन डलवाई जाए ताकि विद्यार्थी उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रवेश ले सकें और पढ़ाई जारी रख सकें।